हिमाचल प्रदेश जायका कृषि परियोजना-II

विशेष समाचार डायरी

हमीरपुर: 17 जनवरी, 2026

शाहपुर में जायका कृषि परियोजना कर रही 6.75 करोड़ रु व्यय: केवल सिंह पठानिया

21.30 लाख रु. से निर्मित किसान सुविधा केंद्र का लोकार्पण

1500 किसान परिवार होंगे लाभान्वित, सशक्त होगा विपणन तंत्र

शाहपुरः गोरड़ा गांव में फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना–II, जायका–ओडीए (एचपीसीडीपी-2) के अंतर्गत के सहयोग से 21.30 लाख रुपये की लागत से निर्मित किसान सुविधा केंद्र का लोकार्पण शाहपुर के विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केवल सिंह पठानिया ने कहा कि यह किसान सुविधा केंद्र क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से किसानों को अपनी कृषि उपज के संग्रहण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग एवं विपणन के लिए एक संगठित और सुव्यवस्थित मंच मिलेगा, जिससे उनकी आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि जाईका के सहयोग से संचालित एचपीसीडीपी परियोजना-2 किसानों की आजीविका को सशक्त बनाने और कृषि को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने की दिशा में एक प्रभावी पहल है। केवल सिंह पठानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में एचपीसीडीपी परियोजना-2 के अंतर्गत 6 उप-योजनाओं पर लगभग 6.75 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जा रही है, जिससे करीब 1500 किसान परिवार प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। किसान सुविधा केंद्र के माध्यम से भविष्य में कृषि उत्पादों की बेहतर मार्केट लिंकेज, संग्रहण एवं मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे किसानों की बिचौलियों पर निर्भरता कम होगी और उन्हें अपनी उपज का उचित व लाभकारी मूल्य प्राप्त हो सकेगा। जिला परियोजना प्रबंधक, पालमपुर योगिंदर पाल कौशल ने उप मुख्य सचेतक का स्वागत करते हुए जिले में जायका कृषि परियोजना की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम शाहपुर करतार चंद, बीएमओ शाहपुर डॉ. कविता, प्रधानाचार्य आईटीआई शाहपुर चैन सिंह, शाहपुर नगर पंचायत अध्यक्ष ऊषा शर्मा, विषय विशेषज्ञ डॉ. रजनीश शर्मा व डॉ. विवेक कंवर, अधिशासी अभियंता जलशक्ति अमित डोगरा, सहायक अभियंता जलशक्ति रज्जाक मोहम्मद, सहायक अभियंता विद्युत विक्रम शर्मा, कांग्रेस नेता डीडी शर्मा, जिला परिषद सदस्य नीना ठाकुर, उप मुख्य सचेतक के सलाहकार विनय व प्रदीप बलौरिया, बीडीओ रैत कमलजीत, सहायक अभियंता लोक निर्माण विपुल पुंज, रेंज ऑफिसर सुमित शर्मा, जाईका ब्लॉक कार्यालय का समस्त स्टाफ, रीना पठानिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।